ont>

Title: Need to set up Food Processing Industries in Domariaganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- Laid.

श्री रामपाल सिंह (डुमरियागंज): अध्यक्ष महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थ नगर, उ0प्र0 का बहुत पिछड़ा क्षेत्र है। यहां पर कोई उद्योग धंधा नहीं है। यहां का क्षेत्र उद्योग शून्य है जिसके कारण यहां की जनता रोजी-रोटी की तलाश में अपने घरबार को छोड़कर अनेक बाहर के शहरों जैसे पंजाब, दिल्ली, मुम्बई में काम की तलाश में जाना पड़ता है।

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए कोई ऐसा पैकेज बनाया जाये, जिससे इस क्षेत्र की जनता को अपनी रोजी-रोटी के लिए बाहर न जाना पड़े और यहां कोई ऐसे उद्योग धंधे लगाये जायें जिसका कच्चा माल जिले में उपलब्ध हो। जैसे फल सब्जियां का खाद्य प्रोसेसिंग प्लांट जिले में लगाया जाये, जिससे सब्जियां और फल नट होने से बचायी जा सकें और उनका पूरा पूरा लाभ जनता को मिले।